# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–13 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना की मंजूरी से वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित होगा। इससे भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि निर्यात संवर्धन मिशन–ईपीएम, निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार करेगा और एम एस एम ई, पहली बार निर्यात करने वाले तथा श्रम–प्रधान क्षेत्रों की मदद करेगा।**

**केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए कल एक नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी, जो एमएसएमई सहित निर्यातकों को शत–प्रतिशत ऋण का आश्वासन प्रदान करती है। यह योजना बीस हजार करोड़ रूपए तक का अतिरिक्त ऋण प्रदान करेगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य भारत को एक लाख करोड़ रूपए के निर्यात लक्ष्य का समर्थन करना और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्यातकों सम्बन्धी ऋण गारंटी योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को मजबूती देगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'जनजाति भागीदारी उत्सव' के उद्‌घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर सभी अनुसूचित जनजाति की बस्तियों को सरकार सभी प्रकार की सुविधाएं देगी।

**प्रदेश में यह भी सुनिश्चित किया गया कि 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के अंतर्गत जितनी भी अनुसूचित जनजाति की बस्तियां उत्तर प्रदेश के अंदर हैं, उन्हें सभी प्रकार की सुविधाओं से आच्छादित करने के साथ ही उन कार्यक्रमों का आगे बढ़ाना है जिसमें छब्बीस जनपदों के सैंतालीस ब्लॉक व पांच सौ सत्रह ग्रामों में हम लोगों ने इसके लिए चिन्हित किया है।**

मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि प्रदेश के तेईस हजार से अधिक वनों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के लोगों को उनके निवास का मालिकाना हक दिया गया। श्री योगी ने जनजाति भागीदारी उत्सव के उद्‌घाटन स्थल पर जनजातीय समाज की उपलब्धियों को दर्शाती हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी तथा व्यंजन मेला का निरीक्षण भी किया।

**********

पड़ोसी राज्य बिहार के विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती कल सुबह आठ बजे शुरू होगी। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी, विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

**टोटल हमारे 46 काउंटिंग सेंटर्स हैं, जहां बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गणना की जाएगी। काउंटिंग सेंटर्स, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी से फुली कवर्ड है।**

**********

देश अपने राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों की पीढ़ियों को एकजुट होने, आगे बढने और राष्ट्र भावना का जश्न मनाने के लिए प्रेरित किया है। प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की विशेष रिपोर्ट–

**1904 में सिस्टर निवेदिता ने बंगाली में वंदे मातरम लिखे वज्र ध्वज को डिजाइन किया। यह ध्वज जल्द ही प्रतिरोध का एक प्रतीक बन गया, जिसे बंगाल विभाजन के दौरान बैठकों और रैलियों में देखा गया और बाद में 1906 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गर्व से प्रदर्शित किया गया। पहला ध्वज जिसे अखिल भारतीय मान्यता मिली 1906 में 7 अगस्त को कलकत्ता के पारसी बागान में फहराया गया था। सचिंद्रनाथ बोस और सुकुमार मित्रा द्वारा डिजाइन किए गए इस ध्वज में तीन क्षितिज पट्टियाँ थीं। कलकत्ता ध्वज, जिसे बंदे मातरम ध्वज के नाम से भी जाना जाता है। यह जल्द ही भारत की एकता और आशा का एक शक्तिशाली प्रतीक बन गया। 1906 में, बिपिन चंद्र पाल ने 'बंदे मातरम' नामक एक दैनिक पत्रिका शुरू की और श्री अरबिंदो को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। दोनों ने मिलकर इसे एक सशक्त मंच में बदल दिया जिसने लोगों को जागृत किया और उन्हें कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके पन्नों के माध्यम से, वंदे मातरम केवल एक नारे से बढ़कर, विचार, साहस और राष्ट्रीय गौरव का एक आंदोलन बन गया। शिवांग और सौम्या के साथ, अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

वाराणसी के छावनी स्थित रणबांकुरे स्टेडियम में आज अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान बलिया और चंदौली जिले के छह सौ एक अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि ने बताया कि अग्निवीर सोल्जर जनरल ड्यूटी में चयन के लिए हुई इस रैली में एक हजार दो सौ अठारह अभ्यर्थियों को बुलाया गया था।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में सत्रह नवम्बर तक सुबह के समय हल्के कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है।

**********